दिनांक–03.07.2024
समय–7.10एएम
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- विधानसभा में आज वित्तवर्ष 2024–25 का पूर्ण बजट पेश होगा, आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार प्रदेश में प्रतिव्यक्ति आय 4 गुना बढ़ी।
- प्रदेश में सड़कों के गड्डे तुरंत भरने के लिए मुख्यमंत्री ने लोकपथ मोबाइल एप शुरू किया।
- इंदौर के एक आश्रम में तीन दिनों में मानसिक दिव्यांग 5 बच्चों की मृत्यु हुई, जांच समिति का गठन।
- प्रदेश के 22 जिलों में भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी।

विधानसभा बजट–प्रदेश

राज्य सरकार आज विधानसभा में वित्त वर्ष 2024–25 का पूर्ण बजट पेश करेगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार का यह पहला पूर्ण बजट होगा। वित्त विभाग संभाल रहे उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा बजट पेश करेंगे। साथ ही राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अंतर्गत राजकोषीय नीति का विवरण प्रस्तुत करेंगे। इससे पहले कल विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया गया। इसके अनुसार प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद 9 दशमलव 3–7 प्रतिशत बढ़ा है और प्रति व्यक्ति आय चार गुना बढ़ गयी है. मौजूदा कीमतों पर, प्रति व्यक्ति शुद्ध आय वर्ष 2011–12 में 38 हजार 497 रुपये से बढ़कर वर्ष 2023–24 में 1 लाख 42 हजार 565 रुपये हो गयी है। श्री देवड़ा ने बताया कि 3 करोड़ 56 लाख डिजिटल आयुष्मान कार्ड जारी करने वाला देश का पहला राज्य है. सौर उर्जा उत्पादन में भी प्रदेश देश में चौथे स्थान पर है. वित्तीय वर्ष 2023–24 में, प्रदेश में प्रमुख फसलों के उत्पादन में भी वृद्धि दर्ज की गयी है। दलहन के उत्पादन में 42 दशमलव 6–2 फीसदी और तिलहन में 7 दशमलव 3–2 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गयी।

लोकपथ ऐप–प्रदेश

मोबाइल फोन में ऐप के माध्यम से सड़कों के गड्ढों की जानकारी लोक निर्माण विभाग को देने की योजना प्रदेश में कल से लागू हो गई है। ऐप में दर्ज सड़कों के गड्ढे का फोटो डालने पर शिकायत निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी को पहुंच जाएगी। अधिकारी के लिए सात दिन की समय सीमा में सुधार कार्य कर ऐप से निराकरण दर्ज करना जरूरी होगा। इसकी सूचना मोबाइल पर शिकायतकर्ता को प्राप्त हो जाएगी। यह योजना दो चरणों में लागू की जाएगी। पहला चरण कल से शुरू हो गया। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग और मुख्य जिला मार्ग शामिल रहेंगे। दूसरे चरण में प्रथम चरण में सम्मिलित मार्गों के साथ शेष अन्य जिला एवं ग्रामीण मार्गों को शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोक पथ नाम के इस मोबाइल ऐप के लोकार्पण कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश की 40

हजार किलोमीटर लंबी सड़कों में आवश्यकतानुसार ऐप से त्वरित रूप से सुधार संभव होगा। विभाग के लिए 7 दिन में सुधार करना चुनौती पूर्ण और साहस का कार्य है। यह विश्वास है कि विभाग नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए इस नवाचार को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने में सफल होगा।

प्रशासनिक सेवा प्रशिक्षु–राज्यपाल–प्रदेश

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि अधिकारियों के लिए उनका व्यवहार सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। सफल अधिकारी बनने के लिए सरल, सेवाभावी तथा संवेदनशील रहें। राज्यपाल श्री पटेल ने कल भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2023 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभावी अधिकारी बनने के लिये सीखने का भाव जरूरी है। कार्य क्षेत्रों का सघन दौरा करें। जनता की समस्याओं को गम्भीरता से सुनें और समाधान करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण व जमीनी अनुभवों में अंतर होता है। व्यवहार में अनेक ऐसी समस्याएं आती हैं जिनका समाधान दिशा–निर्देशों में नहीं मिलता है। आप सभी को इन्हीं समस्याओं और चुनौतियों का समाधान जन–मन की आशा एवं अपेक्षा के अनुरूप करना होगा। गरीबों एवं वंचितों की बेहतरी के लिए काम करना ही प्रशासनिक सेवा की सार्थकता है।

हाथरस दुर्घटना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में कई श्रद्धालुओं की असामयिक मृत्यु पर दु:ख व्यक्त किया है और घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में भोले बाबा के सत्संग के दौरान हुए हादसे में मरने वालों की संख्या 116 हो गई है। मृतकों के परिवारों को 2–2 लाख रुपये और घायलों को 50–50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि मुख्यमंत्री राहत कोष से दी जाएगी। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मृतकों के परिवारों को 2–2 लाख रुपये और घायलों को 50–50 हजार रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है। वहीं जांच दल का गठन किया गया है और 24 घंटे में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया हैं।

एनएसपी–छात्रवृत्ति

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल ने शैक्षणिक वर्ष 2024–25 के लिए राष्ट्रीय साधन–सह–मेधा छात्रवृत्ति–एनएमएमएसएस के लिए पंजीकरण विंडो की शुरूआत की है। शिक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि इस पोर्टल की शुरूआत एक ही बार के पंजीकरण तथा नए और नवीनीकरण छात्रवृत्तियों के आवेदन के लिए की गई है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। एक ही बार पंजीकरण एक यूनिक 14 डिजिट का नंबर है, जो आधार नम्बर से जुडा है। इसकी आवश्यकता छात्रवृत्ति के आवेदन के लिए होती है। मंत्रालय ने बताया कि जिन विद्यार्थियों को एक ही बार वाली पंजीकरण संख्या मिली है, वे राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर छात्रवृत्ति के लिए सीधे आवेदन कर सकते हैं।

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2024 के लिए पात्र शिक्षकों से स्व–नामांकन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन नामांकन भरने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। मंत्रालय ने कहा है कि इस वर्ष जिलों, राज्यों और राष्ट्रीय स्तर पर तीन चरणों की प्रक्रिया के माध्यम से कुल 50 शिक्षकों का चयन किया जाएगा। यह पुरस्कार पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किए जाऐंगे। पात्र शिक्षक मंत्रालय के पोर्टल पर नामांकन भेज सकते हैं।

दिव्यांग बच्चे–इंदौर

इंदौर में एक आश्रम में रह रहे मानसिक दिव्यांग बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। इससे पिछले तीन दिनों में पांच बच्चों की मौत हो चुकी है और 29 बच्चे उपचार के लिए एक अस्पताल के आइसीयू में भर्ती कराए गए हैं। इनमें से भी पांच बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है। आरंभिक जांच में फूड पाइजनिंग की बात सामने आ रही है। कलेक्टर आशीष सिंह ने जांच के लिए समिति बनाई है। गौरतलब है कि मानसिक रूप से कमजोर बच्चों को चाइल्ड लाइन और बाल कल्याण समिति द्वारा पंचकुइया क्षेत्र स्थित युगपुरुष धाम में रखा जाता है। इस आश्रम में 204 से ज्यादा बच्चे रहते हैं। ये सभी प्रदेश के अलग–अलग जिलों से यहां लाए गए हैं।

मौसम–बारिश

प्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की वजह से बारिश का दौर चल रहा है। मौसम विभाग ने इस माह में सामान्य से 106 प्रतिशत बारिश होने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग भोपाल के वैज्ञानिक बीएस यादव ने कहा कि "दक्षिण गुजरात से मध्य प्रदेश तक एक थ्रूलाइन बनी है। जिससे भारी बारिश होने की संभावना है। प्रदेश के 22 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर में अवैध निर्माण को हटाने की संयुक्त मुहिम के तहत ग्रीन बेल्ट पर निर्माणाधीन तीन हॉस्टल भवनों को ध्वस्त किया गया। इस कार्यवाही में लगभग 10 हजार वर्ग फीट से अवैध निर्माण हटाया गया।
- नगरीय निकायों और पंचायत चुनाव के लिए आगरमालवा जिले के अधिकारियों को कल प्रशिक्षण दिया गया। वहीं जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में 135 आवेदन प्राप्त हुए।
- रायसेन जिले कें मण्डीदीप में 12 से अधिक स्कूल वाहन, मैजिक एवं यात्री वाहनों तथा दस्जावेजों की जांच की गई। इस दौरान मौके पर बिना दस्तावेज, फिटनेस नहीं होने, ओवरलोड सवारी 5 वाहनों पर 22 हजार रू की चालानी कार्रवाई की गई।
- गुना जिले में कल जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित 312 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह ने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये।

- बालाघाट जिले में अनियमितताओं को लेकर चार स्कूलों पर 2–2 लाख रुपये का जुर्माना किया गया है और 3 स्कूलों की जांच की जाएगी। 23 स्कूलों को नोटिस जारी किया जायेगा।
- रतलाम एसपी राहुल कुमार लोढा के निर्देशन में जिले के समस्त थानों एवम चौकियों पर जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन कर जनता को नए कानून के प्रावधानों के बारे जानकारी प्रदान की गई।

-----------------------------------

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब -**

**(1) विधानसभा बजट-प्रदेश**

**राज्य सरकार आज विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट पेश करेगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार का यह पहला पूर्ण बजट होगा। वित्त विभाग संभाल रहे उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा बजट पेश करेंगे। साथ ही राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अंतर्गत राजकोषीय नीति का विवरण प्रस्तुत करेंगे। इससे पहले कल विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया गया। इसके अनुसार प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद 9 दशमलव 3-7 प्रतिशत बढ़ा है और प्रति व्यक्ति आय चार गुना बढ़ गयी है. मौजूदा कीमतों पर, प्रति व्यक्ति शुद्ध आय वर्ष 2011-12 में 38 हजार 497 रुपये से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 1 लाख 42 हजार 565 रुपये हो गयी है। श्री देवड़ा ने बताया कि 3 करोड़ 56 लाख डिजिटल आयुष्मान कार्ड जारी करने वाला देश का पहला राज्य है. सौर उर्जा उत्पादन में भी प्रदेश देश में चौथे स्थान पर है. वित्तीय वर्ष 2023-24 में, प्रदेश में प्रमुख फसलों के उत्पादन में भी वृद्धि दर्ज की गयी है। दलहन के उत्पादन में 42 दशमलव 6-2 फीसदी और तिलहन में 7 दशमलव 3-2 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गयी।**

**(2) प्रशासनिक सेवा प्रशिक्षु-राज्यपाल-प्रदेश**

**राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि अधिकारियों के लिए उनका व्यवहार सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। सफल अधिकारी बनने सरल, सेवाभावी तथा संवेदनशील रहें। राज्यपाल श्री पटेल ने कल भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2023 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभावी अधिकारी बनने के लिये सीखने का भाव जरूरी है। कार्य क्षेत्रों का सघन दौरा करें। जनता की समस्याओं को गम्भीरता से सुनें और समाधान करें। उन्होंने कहा कि**

प्रशिक्षण व जमीनी अनुभवों में अंतर होता है। व्यवहार में अनेक ऐसी समस्याएं आती हैं जिनका समाधान दिशा-निर्देशों में नहीं मिलता है। आप सभी को इन्हीं समस्याओं और चुनौतियों का समाधान जन-मन की आशा एवं अपेक्षा के अनुरूप करना होगा। गरीबों एवं वंचितों की बेहतरी के लिए काम करना ही प्रशासनिक सेवा की सार्थकता है।

**(3) लोकपथ ऐप-प्रदेश**

मोबाइल फोन में ऐप के माध्यम से सड़कों के गड्ढों की जानकारी लोक निर्माण विभाग को देने की योजना प्रदेश में कल से लागू हो गई है। ऐप में दर्ज सड़कों के गड्ढे का फोटो डालने पर शिकायत निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी को पहुंच जाएगी। अधिकारी के लिए सात दिन की समय सीमा में सुधार कार्य कर ऐप से निराकरण दर्ज करना जरूरी होगा। इसकी सूचना मोबाइल पर शिकायतकर्ता को प्राप्त हो जाएगी। यह योजना दो चरणों में लागू की जाएगी। पहला चरण कल से षुरू हो गया। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग और मुख्य जिला मार्ग शामिल रहेंगे। दूसरे चरण में प्रथम चरण में सम्मिलित मार्गों के साथ शेष अन्य जिला एवं ग्रामीण मार्गों को शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोक पथ नाम के इस मोबाइल ऐप के लोकार्पण कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश की 40 हजार किलोमीटर लंबी सड़कों में आवश्यकतानुसार ऐप से त्वरित रूप से सुधार संभव होगा। विभाग के लिए 7 दिन में सुधार करना चुनौती पूर्ण और साहस का कार्य है। यह विश्वास है कि विभाग नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए इस नवाचार को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने में सफल होगा।

**(4) मौसम-बारिश**

प्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की वजह से बारिश का दौर चल रहा है। मौसम विभाग ने इस माह में सामान्य से 106 प्रतिशत बारिश होने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग भोपाल के वैज्ञानिक बीएस यादव ने कहा कि "दक्षिण गुजरात से मध्य प्रदेश तक एक थ्रूलाइन बनी है। जिससे भारी बारिश होने की संभावना है। प्रदेश के 22 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

-----------------